**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 101**

**Series : Sec/Annual-2023**

*रोल नं०* [ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [ ] [ ]

***SET : A***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

***समय : 3 घण्टे ]*** ***[ पूर्णांक : 80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) *यण* संधि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) *चतुर, उद्यम* (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)। 2

(ग) *सम्मान, उत्तम* (उपसर्ग छाँटिए)। 2

(घ) निम्न में से विकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए : 2

खूब, मैं, आज, छात्र।

(ङ) *आविर्भाव, निंदा* (विलोमार्थी शब्द लिखिए)। 2

(च) *रूपक* अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(छ) *दोहा छंद* की परिभाषा सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ज) *'आँखें खुलना'* (मुहावरे का अर्थ लिखिए)। 1

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

(ग) आदर्श विद्यार्थी के गुण

(घ) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

(ङ) त्योहारों का महत्त्व



Downloaded from cclchapter.com

**3.** विद्यालय के पुस्तकालय में उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था के लिए अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

मोबाइल के अधिक प्रयोग के दुष्परिणाम बताते हुए अपनी छोटी बहन को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड - ख**

**4.** काव्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) चेतन-अचेतन अवस्था में गोपियाँ किसका नाम रटती हैं ?

(i) बलराम (ii) उद्धव

(iii) श्रीकृष्ण (iv) नंदबाबा

(ख) 'डार द्रुम पलना' कवित्त में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

(i) ग्रीष्म (ii) बसंत

(iii) वर्षा (iv) शरद

(ग) परशुराम ने 'सूर्यवंश का कलंक' किसे कहा है ?

(i) श्रीराम को (ii) जनक को

(iii) लक्ष्मण को (iv) विश्वामित्र को

(घ) 'उत्साह' कविता में बादल के लिए क्या विशेषण प्रयुक्त हुए हैं ?

(i) ललित (ii) घुंघराले

(iii) काले (iv) उपर्युक्त सभी



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) जयशंकर प्रसाद ने भावहीन मन को क्या कहा है ?

(i) छिछला (ii) कंथा

(iii) रीति गागर (iv) शून्य

(च) छोटे बच्चे के स्पर्श-मात्र से कौन-से फूल झड़ने लगे थे ?

(i) गुलाब (ii) शेफालिका

(iii) कमल (iv) चम्पा

(छ) 'कन्यादान' कविता में चेहरे पर न रीझने की नसीहत किसे दी गई है ?

(i) बहन को (ii) सास को

(iii) माता को (iv) बेटी को

(ज) *'चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में'* - यहाँ *'अनहद'* का क्या अर्थ है ?

(i) अपार मस्ती (ii) अपार दुःख

(iii) हताहत (iv) सीमाहीन

**5.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

*यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;*
*जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।*
*प्रभुता का शरण-बिम्ब केवल मृगतृष्णा है,*
*हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।*



Downloaded from cclchapter.com

*प्रश्न :*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) 'मृगतृष्णा' क्या है ?

(ग) किसमें एक काली रात छिपी होती है ?

(घ) मानव क्या पाने के लिए दौड़ता है ?

**6.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

*सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।*

*बिद्यमान रन पाई रिपु कायर कथहिं प्रतापु।।*

**7.** 'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड – ग**

**8.** गद्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) पान वाले ने पान पकड़े अपने हाथ को मुँह से कितनी दूर रोककर हालदार साहब को ध्यान से देखा ?

(i) एक इंच (ii) डेढ़ इंच

(iii) दो इंच (iv) ढाई इंच

(ख) भगत जी की गले में बाँधी हुई बेडौल माला किससे बनी थी ?

(i) मोतियों की (ii) तुलसी की जड़ों की

(iii) फूलों की (iv) धातु की



Downloaded from cclchapter.com

(ग) फ़ादर कामिल बुल्के की अंतिम संस्कार की मसीही विधि से प्रार्थना किस भाषा में की गई ?

(i) हिन्दी (ii) संस्कृत

(iii) अंग्रेजी (iv) फ्रेंच

(घ) संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा ?

(i) न्यूटन (ii) लेनिन

(iii) कार्ल मार्क्स (iv) अरस्तू

(ङ) खाँ साहब की एक रीड कितने मिनटों में गीली हो जाती थी ?

(i) 10-15 मिनट (ii) 12-15 मिनट

(iii) 15-20 मिनट (iv) 16-20 मिनट

(च) हँसमुख बहिन सुशीला लेखिका से कितने साल बड़ी थी ?

(i) डेढ़ साल (ii) दो साल

(iii) ढाई साल (iv) तीन साल

(छ) बौद्ध-ग्रंथ 'त्रिपिटक' के अंतर्गत 'थेरीगाथा' में कितनी स्त्रियों की पद्य-रचना उद्धृत है ?

(i) सैकड़ों (ii) हजारों

(iii) लाखों (iv) करोड़ों

(ज) 'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

(i) लखनवी नवाब (ii) सफेदपोश

(iii) उच्च वर्ग (iv) पतनशील सामंती वर्ग



Downloaded from cclchapter.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

'शिक्षा' बहुत व्यापक शब्द है। उसमें सीखने योग्य अनेक विषयों का समावेश हो सकता है। पढ़ना-लिखना भी उसी के अंतर्गत है। इस देश की वर्तमान शिक्षा-प्रणाली अच्छी नहीं। इस कारण यदि कोई स्त्रियों को पढ़ाना अनर्थकारी समझे तो उसे उस शिक्षा-प्रणाली का संशोधन करना या कराना चाहिए, खुद पढ़ने-लिखने का दोष न देना चाहिए।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) शिक्षा जैसे शब्द में क्या समावेश हो सकता है ?

(ग) स्त्रियों को पढ़ाना अनर्थकारी समझने वालों को क्या करना चाहिए ?

**10.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भंडारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**11.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड - घ**

**12.** *'कृतिका भाग–2'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अंचल' पाठ के संदर्भ में साँप से घबराए बच्चों को शांत करने के लिए माँ ने क्या-क्या किया ?

(ख) *'साना-साना हाथ जोड़ि .......'* प्रार्थना के भाव का वर्णन कीजिए।

(ग) सिक्किम के अधिकतर लोगों की जीविका का साधन क्या है ?

(घ) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ?

(ङ) मूर्तिकार जॉर्ज के नाप की नाक की खोज में देश-दौरे पर किस-किस प्रांत पहुँचा ?



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ङ**

**13.** *'नैतिक शिक्षा'* पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) गीता के तेरहवें अध्याय में कितने श्लोक हैं ? 1

(ii) लक्ष्मीबाई का जन्म कब हुआ था ? 1

(iii) सालिम अली के पिता का क्या नाम था ? 1

(iv) मालवीय जी किस विश्वविद्यालय के कुलपति रहे ? 1

(v) महात्मा बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

(ख) निम्नलिखित सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए : 2

*मधुर वचन है औषधि, कटु वचन है तीर।*
*सरवन द्वार ह्वै संचरै सालै सकल सरीर।।*

(ग) राष्ट्रीयता के विकास के लिए अनिवार्य तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 101**

**Series : Sec/Annual-2023**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

***समय : 3 घण्टे ]*** ***[ पूर्णांक : 80***

---

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

---

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) *द्वंद्व* समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) *आशीर्वाद, कृषक* (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)। 2

(ग) *स्वभाव, न्याय* (उपसर्ग छाँटिए)। 2

(घ) निम्न में से अविकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए : 2

योग, किन्तु, विद्यालय, अथवा।

(ङ) *उत्कृष्ट, हेय* (विलोमार्थी शब्द लिखिए)। 2

(च) *यमक* अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(छ) *चौपाई छंद* की सोदाहरण परिभाषा स्पष्ट कीजिए। 2

(ज) *'अंधेर नगरी चौपट राजा'* (लोकोक्ति का अर्थ लिखिए)। 1

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) टैबलेट : सदुपयोग या दुरुपयोग

(ख) मतदान का महत्त्व

(ग) युवाओं में बढ़ती नशा प्रवृत्ति

(घ) मेरा प्रिय त्योहार

(ङ) भारतीय किसान की दशा



Downloaded from cclchapter.com

**3.** विद्यालय में कम्प्यूटर-कक्ष को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त करने के लिए अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

जीवन में खेलों का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड - ख**

**4.** काव्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) परशुराम ने लक्ष्मण के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग किया है ?

(i) मूर्ख (ii) उद्दण्ड

(iii) काल का ग्रास (iv) उपर्युक्त सभी

(ख) गोपियों के अनुसार योग-शिक्षा कैसे मन के लोगों के लिए उचित है ?

(i) स्थिर (ii) चंचल

(iii) दृढ़ (iv) सबल

(ग) कवि 'देव' ने प्रथम सवैये में किसकी सुंदरता का वर्णन किया है ?

(i) श्रीकृष्ण की (ii) राधा की

(iii) बसन्त की (iv) साधारण जन की

(घ) *'सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की'* - यहाँ *'कंथा'* का अर्थ है :

(i) अन्तर्मन (ii) कविता

(iii) कर्म (iv) उपन्यास



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) 'छाया मत छूना' कविता में कवि किसका पूजन करने को कहता है ?

(i) कल्पना का (ii) यथार्थ का

(iii) भगवान का (iv) विज्ञान का

(च) 'अट नहीं रही है' कविता में किस मास की मादकता का वर्णन किया है ?

(i) चैत्र (ii) फागुन

(iii) भादों (iv) कार्तिक

(छ) 'कन्यादान' कविता में 'शाब्दिक भ्रम' किसे कहा गया है ?

(i) धुंधले प्रकाश को (ii) शब्दों के जाल को

(iii) वस्त्र और आभूषण को (iv) सौंदर्य को

(ज) 'संगतकार' कविता में 'स्थायी' किसे कहा गया है ?

(i) पक्का को (ii) गीत की मुख्य टेक को

(iii) स्थिर को (iv) तारसप्तक को

**5.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

कौसिक कहा छमिअ अपराधू । बाल दोष गुन गनहिं न साधू।।
सर कुठार मैं अकरुन कोही । आगे अपराधी गुरुद्रोही।।
उतर देत छोड़ौं बिनु मारे । केवल कौसिक सील तुम्हारे।।
न त येहि काटि कुठार कठोरे । गुरहि उरिन होतेउँ श्रम थोरे।।



Downloaded from cclchapter.com

*प्रश्न :*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) विश्वामित्र ने परशुराम को क्या कह कर समझाया ?

(ग) परशुराम ने लक्ष्मण को न मारने का क्या उत्तर दिया ?

(घ) परशुराम गुरु के ऋण से कैसे मुक्त होना चाहते हैं ?

**6.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

*तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान*
*मृतक में भी डाल देगी जान*
*धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ..........*
*छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात।*

**7.** 'उत्साह' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड - ग**

**8.** गद्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 8 = 8

(क) भगत जी खेत में पैदा हुए अनाज को भेंट रूप जिस दरबार में रखते थे, वो उनके घर से कितना दूर था ?

(i) दो कोस (ii) तीन कोस

(iii) चार कोस (iv) पाँच कोस

(ख) नेता जी की प्रतिमा, टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कितने फुट ऊँची थी ?

(i) एक फुट (ii) डेढ़ फुट

(iii) दो फुट (iv) ढाई फुट



Downloaded from cclchapter.com

(ग) नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की से बाहर फेंकते हुए लेखक को कैसी आँखों से देखा ?

(i) गुलाबी आँखों से (ii) काली आँखों से

(iii) नीली आँखों से (iv) लाल आँखों से

(घ) पिता जी के किस अंतरंग व सम्मानित मित्र ने लेखिका का गर्मजोशी से स्वागत किया ?

(i) भगवती बाबू (ii) डॉ० अंबालाल

(iii) यशपाल (iv) जैनेन्द्र कुमार

(ङ) जिस समय नाट्यशास्त्र-संबंधी नियम बनाए गए थे उस समय कौन-सी भाषा सर्वसाधारण की ***नहीं*** थी ?

(i) संस्कृत (ii) प्राकृत

(iii) अपभ्रंश (iv) हिन्दी

(च) हनुमान जयंती के अवसर पर शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की सभा कितने दिनों तक होती है ?

(i) तीन दिनों तक (ii) चार दिनों तक

(iii) पाँच दिनों तक (iv) छः दिनों तक

(छ) रूस का भाग्यविधाता किसे कहा जाता है ?

(i) कार्ल मार्क्स को (ii) प्लेटो को

(iii) न्यूटन को (iv) लेनिन को

(ज) फ़ादर बुल्के का ताबूत निकलसन कब्रगाह से किस रंग की गाड़ी से उतारा गया ?

(i) पीली (ii) लाल

(iii) सफेद (iv) नीली



Downloaded from cclchapter.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

इतनी ममता, इतना अपनत्व इस साधु में हर एक प्रियजन के लिए उमड़ता रहता था। मैं पैंतीस साल से इसका साक्षी था। तब भी जब वह इलाहाबाद में थे और तब भी जब वह दिल्ली आते थे। आज उन बाँहों का दबाव मैं अपनी छाती पर महसूस कर रहा हूँ।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) लेखक पैंतीस साल से साधु के किस गुण का साक्षी था ?

(ग) किसकी बाँहों का दबाव लेखक अपनी छाती पर महसूस कर रहा है ?

**10.** स्वयं प्रकाश ***अथवा*** यतीन्द्र मिश्र का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**11.** बालगोबिन भगत की कोई ***दो*** चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 2

## खण्ड - घ

**12.** *'कृतिका भाग–2'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अंचल' पाठ में माता भोलानाथ को 'कन्हैया' किस प्रकार बनाया करती थी ?

(ख) जॉर्ज पंचम की नाक पर ध्यान जाने से पहले शाही दौरे की क्या-क्या तैयारियाँ की गई थीं ?

(ग) तिस्ता नदी के किनारे बने गेस्ट हाउस में सैलानियों के नृत्य-गान का वर्णन कीजिए।

(घ) 'दुलारी' की कोई ***दो*** चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'मैं क्यों लिखता हूँ' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ङ**

**13.** *'नैतिक शिक्षा'* पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) गीता के चौदहवें अध्याय में कितने श्लोक हैं ? 1

(ii) लक्ष्मीबाई के पिता का क्या नाम था ? 1

(iii) सालिम अली का जन्म कब हुआ था ? 1

(iv) मालवीय जी को 'भारत रत्न' से कब अलंकृत किया गया ? 1

(v) महात्मा बुद्ध की पत्नी का क्या नाम था ? 1

(ख) निम्नलिखित सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए : 2

*ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय।*

*औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।।*

(ग) सरोजिनी नायडू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 101**

**Series : Sec/Annual-2023**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

***समय : 3 घण्टे ]*** ***[ पूर्णांक : 80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) *गुण* संधि की परिभाषा सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) *कृतज्ञ, प्रशंसा* (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)। 2

(ग) *बिटिया, यशस्वी* (प्रत्यय छाँटिए) 2

(घ) निम्न में से विकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए : 2

कल, गाय, आप, तक।

(ङ) *यथार्थ, तामसिक* (विलोम शब्द लिखिए)। 2

(च) श्लेष अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(छ) *दोहा छंद* की परिभाषा सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ज) *'खून-पसीना एक करना'* (मुहावरे का अर्थ लिखिए)। 1

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) जल संरक्षण

(ख) युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति

(ग) आदर्श खिलाड़ी के गुण

(घ) टैबलेट : लाभ या हानि

(ङ) त्योहारों का महत्त्व



Downloaded from cclchapter.com

**3.** विद्यालय में समाचार-पत्रों की व्यवस्था करने के लिए अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

जीवन में अनुशासन का महत्त्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड - ख**

**4.** काव्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) तुलसीदास ने 'भृगुकुलकेतू' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है ?

(i) राम (ii) परशुराम

(iii) लक्ष्मण (iv) विश्वामित्र

(ख) गोपियों द्वारा उद्धव को बड़भागी कहने में कौन-सा भाव है ?

(i) क्रोध का (ii) प्रेम का

(iii) व्यंग्य का (iv) प्रसंशा का

(ग) किंकनि कहाँ पहनने वाला आभूषण होता है ?

(i) पाँननि में (ii) कटि में

(iii) चेहरे पर (iv) सिर में

(घ) 'आत्मकथ्य' कविता में गुन-गुनाकर अपनी कहानी कौन कहता है ?

(i) कोकिल (ii) मधुप

(iii) केकी (iv) कवि



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) 'अट नहीं रही है' कविता में 'मंद-गंद-पुष्प-माल' का धारक किसे कहा गया है ?

(i) सावन (ii) भादों

(iii) कार्तिक (iv) फागुन

(च) 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में तालाब छोड़कर जलजात के कहाँ छिपने की बात कही है ?

(i) गमले में (ii) कीचड़ में

(iii) कवि की झोपड़ी में (iv) उद्यान में

(छ) 'कन्यादान' कविता में चेहरे पर न रीझने की नसीहत किसने दी है ?

(i) पिता ने (ii) सास ने

(iii) माता ने (iv) पति ने

(ज) 'संगतकार' कविता में कवि ने मुख्य गायक के भारी स्वर की क्या उपमा दी है ?

(i) लोहा (ii) मधुर

(iii) फौलाद (iv) चट्टान

**5.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

*माँ ने कहा पानी में झाँककर*
*अपने चेहरे पर मत रीझना*
*आग रोटियाँ सेंकने के लिए है*
*जलने के लिए नहीं*
*वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह*
*बंधन हैं स्त्री जीवन के*



Downloaded from cclchapter.com

*प्रश्न :*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) माँ ने लड़की से क्या कहा ?

(ग) माँ ने बेटी को आग के संदर्भ में क्या सीख दी है ?

(घ) उपरोक्त काव्यांश में स्त्री जीवन के क्या-क्या बंधन हैं ?

**6.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

*यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया,*

*जितना ही दौड़ा तू, उतना ही भरमाया।*

**7.** 'फसल' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड - ग**

**8.** गद्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) पान वाले ने पान पकड़े अपने हाथ को मुँह से कितनी दूर रोककर हालदार साहब को ध्यान से देखा ?

(i) एक इंच (ii) डेढ़ इंच

(iii) पौने दो इंच (iv) दो इंच

(ख) बालगोबिन भगत हर वर्ष 30 कोस दूर स्नान करने किस नदी पर जाते थे ?

(i) यमुना (ii) गोमती

(iii) गंगा (iv) सरयू



Downloaded from cclchapter.com

(ग) ताजे खीरे की पनियाती फाँकें देखकर किसके मुँह में पानी आ रहा था ?

(i) नवाब साहब के (ii) यात्रियों के

(iii) खीरे बेचने वाले के (iv) लेखक के

(घ) फ़ादर बुल्के का ताबूत निकलसन कब्रगाह में गाड़ी से किस समय उतारा गया ?

(i) 8 बजे (ii) 9 बजे

(iii) 10 बजे (iv) 10:30 बजे

(ङ) पिता जी के किस स्वभाव पर लेखिका भन्ना जाती थी ?

(i) शक्की (ii) क्रोधी

(iii) चिड़चिड़ा (iv) ज़िद्दी

(च) पुराणों में पढ़ी-लिखी स्त्रियों का हवाला माँगने वाले लोगों को श्रीमद्भागवत के उत्तरार्द्ध का कौन-सा अध्याय पढ़ना चाहिए ?

(i) पचासवाँ (ii) इक्यावनवाँ

(iii) बावनवाँ (iv) तिरपनवाँ

(छ) बिस्मिल्ला खाँ कितने वर्ष की आयु में इस संसार से विदा हुए ?

(i) नब्बे (ii) बानवे

(iii) सत्तानवे (iv) सौ

(ज) संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह क्या होकर रह जाएगी ?

(i) विनाशकारी (ii) असंस्कृति

(iii) असभ्यता (iv) पतित



Downloaded from cclchapter.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

जो लोग यह कहते हैं कि पुराने जमाने में यहाँ स्त्रियाँ न पढ़ती थीं अथवा उन्हें पढ़ाने की मुमानियत थी वे या तो इतिहास से अभिज्ञता नहीं रखते या जान-बूझकर लोगों को धोखा देते हैं। समाज की दृष्टि में ऐसे लोग दंडनीय हैं। क्योंकि स्त्रियों को निरक्षर रखने का उपदेश देना समाज का अपकार और अपराध करना है - समाज की उन्नति में बाधा डालना है।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) समाज की दृष्टि में कैसे लोग दंडनीय हैं ?

(ग) स्त्रियों को निरक्षर रखने का उपदेश अपराध क्यों है ?

**10.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** मन्नू भंडारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**11.** फ़ादर कामिल बुल्के के चरित्र की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 2

**खण्ड - घ**

**12.** *'कृतिका भाग–2'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

(क) 'माता का अंचल' पाठ में माता-पिता का जो वात्सल्य व्यक्त हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए ?

(ग) प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है ?

(घ) पठित पाठ के आधार पर 'टुन्नू' की कोई ***दो*** चारित्रिक विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) लेखक को विज्ञान के दुरुपयोग का ऐतिहासिक प्रमाण कब मिला ?



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड - ङ**

**13.** 'नैतिक शिक्षा' पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) गीता के पन्द्रहवें अध्याय में कितने श्लोक हैं ? 1

(ii) लक्ष्मीबाई की माता का क्या नाम था ? 1

(iii) सालिम अली ने दसवीं की परीक्षा कब पास की ? 1

(iv) आधुनिक समय का भीष्म पितामह किसे कहा गया है ? 1

(v) बौद्ध धर्म की स्थापना किसने की ? 1

(ख) निम्नलिखित सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए : 2

*तुलसी मीठे वचन तें, सुख उपजत चहुँ ओर।*
*बसीकरण यह मंत्र है, परिहरु बचन कठोर।।*

(ग) भगिनी निवेदिता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 101**

**Series : Sec/Annual-2023**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

***समय : 3 घण्टे ]*** ***[ पूर्णांक : 80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

**नोट :** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) *समास* किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) *बेटी, संकल्प* (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)। 2

(ग) *प्राध्यापिका, मधुरता* (प्रत्यय छाँटिए)। 2

(घ) निम्न में से अविकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए : 2

नगर, कम, वह, किन्तु।

(ङ) *ऐच्छिक, प्रवृत्ति* (विलोमार्थी शब्द लिखिए)। 2

(च) *अनुप्रास* अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(छ) *चौपाई छंद* की परिभाषा सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ज) *'नेकी कर दरिया में डाल'* (लोकोक्ति का अर्थ लिखिए)। 1

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 5

(क) मोबाइल फोन : सदुपयोग अथवा दुरुपयोग

(ख) भारतीय त्योहार

(ग) युवाओं में बढ़ती नशा प्रवृत्ति

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

(ङ) रक्तदान : महादान



Downloaded from cclchapter.com

**3.** विद्यालय में स्वच्छ जल की व्यवस्था करवाने के लिए अपने मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

माता-पिता की आज्ञा का पालन करने पर बल देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड - ख**

**4.** पद्य भाग के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) श्रीकृष्ण की हारिल से तुलना किसने की है ?

(i) सूरदास ने (ii) उद्धव ने

(iii) गोपियों ने (iv) यशोदा ने

(ख) *'कौसिक सुनहु मंद येहु बालकु'* ये शब्द किसने कहे हैं ?

(i) परशुराम (ii) श्रीराम

(iii) लक्ष्मण (iv) विश्वामित्र

(ग) कवि 'देव' ने बसंत को किस रूप में चित्रित किया है ?

(i) युवक के रूप में (ii) बालक के रूप में

(iii) युवती के रूप में (iv) सैनिक के रूप में

(घ) कवि ने फसल को सूरज की किरणों का क्या कहा है ?

(i) जादू (ii) रूपांतर

(iii) महिमा (iv) संकोच



Downloaded from cclchapter.com

(ङ) जयशंकर प्रसाद के अनुसार आलिंगन में आते-आते मुस्कुराकर क्या भाग गया ?

(i) दुख (ii) व्यथा

(iii) सुख (iv) दुर्बलता

(च) 'अट नहीं रही है' कविता में हटाने पर भी क्या नहीं हट रही है ?

(i) आभा (ii) बादल

(iii) पत्तियाँ (iv) आँख

(छ) 'कन्यादान' कविता में लड़की को क्या बाँचना ***नहीं*** आता था ?

(i) सुख (ii) दुख

(iii) सामाजिकता (iv) उपर्युक्त सभी

(ज) 'संगतकार' कविता में 'सप्तक' शब्द व्यक्त करता है :

(i) संगीत को (ii) संगीत के सात स्वर को

(iii) अंतरा को (iv) सहयोगी को

**5.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

*तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान*
*मृतक में भी डाल देगी जान*
*धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात .........*
*छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात*
*परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,*
*पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण*



Downloaded from cclchapter.com

*प्रश्न :*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ख) बच्चे का शरीर किससे भरा हुआ है ?

(ग) बच्चे की मुस्कान किसमें जान डाल सकती है ?

(घ) 'जलजात' का क्या अर्थ है ?

**6.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !

**7.** 'छाया मत छूना' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड - ग**

**8.** गद्य के निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित विकल्प*** चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 8 = 8

(क) हालदार साहब किसकी देश-भक्ति के सामने नतमस्तक होते हुए जीप की तरफ चले ?

(i) पानवाला (ii) चश्मेवाला

(iii) भूतपूर्व सिपाही (iv) ड्राइवर

(ख) *'तू जा, नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा'* -

पाठ में ये शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुए हैं ?

(i) पतोहू के लिए (ii) पतोहू के भाई के लिए

(iii) बालगोबिन भगत के लिए (iv) भगत के बेटा के लिए



Downloaded from cclchapter.com

(ग) 'लखनवी अंदाज़' नामक पाठ गद्य की किस विधा में लिखा गया है ?

(i) संस्मरण (ii) रेखाचित्र

(iii) निबन्ध (iv) व्यंग्य

(घ) फ़ादर बुल्के भारत में बसने के बाद कितनी बार परिवार से मिलने बेल्जियम गए ?

(i) दो या तीन बार (ii) तीन या चार बार

(iii) चार या पाँच बार (iv) पाँच या छः बार

(ङ) सबसे बड़ी बहिन की शादी के समय मन्नू भंडारी कितने वर्ष की थी ?

(i) पाँच वर्ष (ii) सात वर्ष

(iii) नौ वर्ष (iv) दस वर्ष

(च) बिस्मिल्ला खाँ के परदादा का क्या नाम था ?

(i) उस्ताद पैगंबरबख्श खाँ (ii) अलीबख्श

(iii) उस्ताद सलार हुसैन खाँ (iv) शम्सुद्दीन

(छ) रुक्मिणी-हरण की कथा श्रीमद्भागवत के कौन-से स्कंद में है ?

(i) प्रथम (ii) अष्टम

(iii) द्वादश (iv) दशम्

(ज) संसार के मजदूरों को सुखी बनाने का स्वप्न किसने देखा था ?

(i) लेनिन (ii) कार्ल मार्क्स

(iii) न्यूटन (iv) प्लेटो



Downloaded from cclchapter.com

**9.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 3 = 3$

नवाबी आदतें, अधूरी महत्त्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थीं। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होंगी वे जिन्होंने आँख मूँदकर सबका विश्वास करने वाले पिता को बाद के दिनों में इतना शक्की बना दिया था कि जब-तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) विश्वासी पिता का शक्की स्वभाव बनने का क्या कारण था ?

(ग) पिता के क्रोध का परिवार पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**10.** स्वयं प्रकाश ***अथवा*** यशपाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**11.** 'संस्कृति' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड - घ**

**12.** *'कृतिका भाग–2'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अंचल' पाठ में साँप निकलने की घटना से भोलानाथ एवं साथियों की क्या हालत हुई ?

(ख) भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में टुन्नू और दुलारी ने किस प्रकार योगदान दिया ?

(ग) जितेन नार्गे ने गुरु नानक देव जी से संबंधित किस प्रसंग का उल्लेख प्रस्तुत पाठ में किया है ?

(घ) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ङ**

**13.** *'नैतिक शिक्षा'* पुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) गीता के पन्द्रहवें अध्याय का क्या नाम है ? 1

(ii) लक्ष्मीबाई के बचपन का क्या नाम था ? 1

(iii) सालिम अली के चिड़ियों के पकड़ने के कितने तरीके थे ? 1

(iv) मदनमोहन मालवीय की मृत्यु कब हुई ? 1

(v) महात्मा बुद्ध के पिता का क्या नाम था ? 1

(ख) निम्नलिखित सूक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए : 2

*मधुर वचन ते जात मिट, उत्तम जन अभिमान।*
*तनिक सीत जल सों मिटै, जैसे दूध उफान।।*

(ग) ईसा मसीह द्वारा दी गई शिक्षाओं का वर्णन कीजिए। 3



Downloaded from cclchapter.com